# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:– 16.03.2026

मीडिया सेल, महोबा

**पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।**

आज दिनांकः- 16.03.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गयी।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।







@MahobaPolice

# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:- 16.03.2026

मीडिया सेल, महोबा

## कानून-व्यवस्था एवं बैंकिंग सुरक्षा के दृष्टिगत महोबा पुलिस द्वारा बैंक चेकिंग अभियान

आज दिनांक 16.03.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निर्देशन में, रविवार की साप्ताहिक अवकाश के उपरांत सोमवार को बैंक खुलते ही जनपद महोबा में बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान बैंकिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से संचालित किया गया।

अभियान के दौरान महोबा पुलिस द्वारा बैंकों के अंदर एवं बाहर संदिग्ध व्यक्तियों, बैंक में आने-जाने वाले ग्राहकों तथा वाहनों की सघन जांच की गई। साथ ही बैंक परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, सुरक्षा गार्डों की तैनाती एवं अन्य सुरक्षा प्रबंधों का भी निरीक्षण किया गया।

पुलिस अधिकारियों द्वारा बैंक प्रबंधकों एवं कर्मचारियों को सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए गए।

इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में बैंक चेकिंग की गई, जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच की गई तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सुरक्षा एवं सतर्कता के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसके साथ ही आमजन को साइबर ठगी से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया गया।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बैंकिंग लेन-देन के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना है। महोबा पुलिस द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।









# महोबा पुलिस



## आरटीसी पुलिस लाइन महोबा में आरक्षी प्रशिक्षुओं की अंतिम परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा अधिकारियों को किया गया ब्रीफ

आज दिनांक 16.03.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा आरटीसी पुलिस लाइन महोबा में दिनांक 21.07.2025 से प्रचलित आरक्षी नागरिक पुलिस आधारभूत प्रशिक्षण के प्रशिक्षुओं की अन्तःविषय की अंतिम परीक्षा, जो दिनांक 17.03.2026 से 25.03.2026 तक आयोजित की जानी है, को सकुशल, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से ड्यूटी में नामित पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि परीक्षा प्रक्रिया के दौरान सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण सतर्कता, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा परीक्षा की शुचिता बनाए रखने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

ब्रीफिंग के दौरान विशेष रूप से निर्देशित किया गया कि परीक्षार्थियों से ओएमआर शीट को सावधानीपूर्वक एवं सही तरीके से भरवाया जाए, जिससे किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे। इसके अतिरिक्त परीक्षा कक्षों में अनुशासन, गोपनीयता एवं पारदर्शिता बनाए रखते हुए परीक्षा को शातिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के भी निर्देश दिये गये।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन/नगर श्री अरुण कुमार सिंह, प्रभारी आरटीसी श्री अरविन्द सिंह गौर सहित ड्यूटी में नामित कक्ष निरीक्षक एवं अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।






## क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ द्वारा थाना अजनर में अर्दली रूम लेकर लंबित विवेचनाओं व कानून-व्यवस्था की समीक्षा, आगामी त्योहारों के दृष्टिगत दिये आवश्यक निर्देश...।

आज दिनांक 16.03.2026 को क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकांत गौड़ द्वारा थाना अजनर में नियुक्त उपनिरीक्षकों/विवेचकों का अर्दली रूम लिया गया। अर्दली रूम के दौरान थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही तथा लंबित विवेचनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ द्वारा प्रचलित अभियानों की स्थिति, लंबित प्रार्थना पत्रों/आईजीआरएस, शस्त्र लाइसेंस संबंधी प्रकरणों, गुमशुदगी/बरामदगी तथा निरोधात्मक कार्यवाहियों की गहन समीक्षा करते हुए संबंधित विवेचकों को सभी लंबित मामलों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक के दौरान पुलिस की डिजिटल कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु यक्ष ऐप, e-सम्मन, I-Raid तथा e-साक्ष्य/SID पोर्टल पर सभी प्रकरणों का समयबद्ध एवं शत-प्रतिशत अद्यतन करने के निर्देश दिए गए, जिससे पुलिस कार्यप्रणाली अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बन सके।

इसके अतिरिक्त आगामी त्यौहारों ईद एवं नवरात्रि के दृष्टिगत थाना क्षेत्र में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए संवेदनशील स्थानों पर सतर्क निगरानी रखने, प्रभावी गश्त करने, संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग करने तथा स्थानीय स्तर पर संवाद स्थापित कर किसी भी प्रकार की अफवाह या अप्रिय स्थिति को तत्काल नियंत्रित करने के निर्देश भी दिए गए।

क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ ने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी प्रकरणों का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए।




